हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 अगस्त 2025

11 एसएल इंटरनेशनल स्कूल में खेल स्पर्धा...



12 खाद के लिए मारामारी, लाइनों में खड़ा होना लाचारी...



**खबर संक्षेप**

### गांव धनाना में तीसरा रक्तदान शिविर 15 को

**भिवानी।** धनाना में हैंडबाल के जन्मदाता कोच स्व. कुलजीत सिंह उर्फ सिप्पा के जन्मदिन पर एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तीसरा विशाल रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर 15 अगस्त को नया बस स्टैंड के पास स्थित बाबा ब्रह्मचारी गेट धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजक राकेश घणघस व ब्रजेश रांगी ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कराधान अधिकारी पवन घणघस तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय कमांडो मौजूद रहेंगे।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 20 तक करें आवेदन

**चरखी दादरी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध करवाने के लिए किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक किसान योजना का लाभ लेने के लिए विभागीय पोर्टल पर 20 अगस्त तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि उप निदेशक डॉ. जितेन्द्र ने बताया कि योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

### जिले में ड्रोन, ग्लाइडर व पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध

**चरखी दादरी।** जिलाधीश मुनीश शर्मा ने आमजन की सुरक्षा के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए 15 तक ड्रोन, ग्लाइडर व पतंग आदि उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश स्वतंत्रता दिवस पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से सुरक्षा कारणों के तहत जारी किए हैं।

### नशामुक्त अभियान को लेकर होगा विशेष उत्सव

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के पांच साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जिले में 30 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस अभियान में शामिल करना है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत रैलियां, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित करवाई जाएंगी।

# दो के कंधे पर नौ की जिम्मेदारी कैसे आगे बढ़े योजना सरकारी

## भिवानी जिले में दो बाल विकास परियोजना अधिकारियों के जिम्मे नौ ब्लॉकों का कार्यभार

- एक सीडीपीओ के पास पांच और दूसरी सीडीपीओ के पास चार ब्लॉक एवं डीसीपीओ का जिम्मा
- महिला एवं बाल विकास विभाग के जिले में नौ ब्लॉक, मात्र दो ही सीडीपीओ कार्यरत, सात पद रिक्त





राकेश भटठी ▶▶| भिवानी

भिवानी जिले में नौ ब्लॉक हैं, जिनमें भिवानी आर-वन, भिवानी आर-टू, भिवानी शहरी, लोहारू, बवानीखेड़ा, तोशाम, सिवानी, कैरू व बहल आदि शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग में मात्र दो ही बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यरत हैं और उन्हीं के जिम्मे सात अन्य ब्लॉकों का भी कार्यभार हैं।

**भिवानी आर-वन में 226 आंगनबाड़ी केंद्रः** लम्बी छुट्टी के चलते जिला बाल कार्यक्रम अधिकारी (डीसीपीओ) का जिम्मा भी एक सीडीपीओ को दिया गया हैं। भिवानी जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग में सीडीपीओ के सात पद रिक्त हैं, जिसकारण विभाग के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिले के ब्लॉक भिवानी आर-वन में 226 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। वहीं भिवानी आर-टू में 152, भिवानी शहरी में 106, लोहारू में 134, बवानीखेड़ा में 166, तोशाम में 174, सिवानी में 127, कैरू में 112 व बहल में 85 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनकी जिम्मेदारी दोनों सीडीपीओ पर डाली गई हैं। जिले में कार्यरत सीडीपीओ उषा रानी को भिवानी आर वन, बवानीखेड़ा, सिवानी, कैरू व बहल की जिम्मेदारी दी गई हैं, वहीं दूसरी सीडीपीओ किरण को भिवानी आर टू, भिवानी शहरी, तोशाम व लोहारू ब्लॉक की जिम्मेदारी के अलावा जिला बाल कार्यक्रम अधिकारी का भी कार्यभार हैं, क्योंकि डीसीपीओ वैशाली लम्बी छुट्टी पर चल रही हैं, जिसकारण चार्ज सीडीपीओ किरण को दिया गया हैं। अतिरिक्त कार्यभार संभालने वाली अधिकारी की मानसिक स्थिति भी आप समझ सकते हैं कि वो किस दौर से गुजर रही होगी।

### महत्वपूर्ण विभाग है महिला एवं बाल विकास

महिला एवं बाल विकास बहुत ही महत्वपूर्ण विभाग हैं, जहां बच्चों व गर्भवती महिलाओं व अन्य महिलाओं के उत्थान से संबंधित सरकार की योजनाएं क्रियान्वित की जाती हैं, ऐसे में किसी अधिकारी के पास उसकी क्षमता से अधिक कार्य का बोझ होगा तो आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि व्यवस्था कैसी रहेगी और यहां पर तो अधिकारियों के पास एक नहीं, दो नहीं बल्कि चार और पांच ब्लॉकों की जिम्मेदारी एवं कार्यभार हैं, जो सप्ताह के पांच वर्किंग दिनों में मात्र एक-एक दिन भी ब्लॉक कार्यालय को मुश्किल से दे पाते हैं और इस बीच मंत्री व अधिकारी की मीटिंग हो जाए तो फिर बात ही क्या हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारियों को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में पहुंचने के लिए 60 से 70 किलोमीटर तक का सफर तय कर अतिरिक्त कार्यभार संभालना पड़ रहा हैं।

### ये हैं सीडीपीओ के कार्य

आंगनबाड़ी विभाग में ब्लॉक स्तर पर सीडीपीओ की नियुक्त होती हैं। सीडीपीओ का मुख्य कार्य छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों व गर्भवती महिलाओं के विकास एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं को लागू करना होता हैं। ये अधिकारी आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और पूर्व-स्कूली शिक्षा जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सीडीपीओ का कार्य बाल विकास परियोजनाओं और कार्यक्रमों की योजना बनाना, उन्हें लागू करना और उनका मूल्यांकन करना होता हैं। बच्चों और परिवारों को प्रत्यक्ष सेवाएं प्रदान करना, प्रस्ताव, अनुदान और रिपोर्ट लिखना, बजट बनाना, सामुदायिक भागीदारों के साथ सहयोग करना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों को प्रशिक्षण देना आदि उनकी कार्य योजना में शामिल हैं।

**भिवानी के आसपास के सभी जिलों में सीडीपीओ के पद फुलः** सूत्रों के अनुसार भिवानी जिले के साथ लगते चरखी दादरी जिले में तीन ब्लॉक हैं और तीनों ही ब्लॉकों में सीडीपीओ कार्यरत हैं। रोहतक, हिसार व जींद सहित अनेक जिलों में भी सीडीपीओ के सभी पद भरे हुए हैं। हाल ही में 27 सुपरवाइजरों को पदोन्नत करके सीडीपीओ बनाया गया था, फिर भी भिवानी जिले को कोई सीडीपीओ नहीं मिल पाई, जबकि भिवानी से एक सुपरवाइजर को बतौर सीडीपीओ पदोन्नत करके चरखी दादरी जिले में भेजा गया हैं।

**महिला एवं बाल विकास मंत्री व निदेशक को भेज चुके डिमांडः** भिवानी में नौ ब्लॉक हैं और दो ही सीडीपीओ कार्यरत हैं। दोनों सीडीपीओ के पास चार व पांच ब्लॉकों का कार्यभार हैं, जिसके चलते गंभीर समस्या बनी हुई हैं। समाधान शिविर व मीटिंगों के कारण सभी ब्लॉकों को एक-एक दिन भी नहीं मिल पाता और आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच भी नहीं हो पाती। वे रिक्त सीटों पर सीडीपीओ की नियुक्ति करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी व विभाग के निदेशक को अनेक बार डिमांड भेज चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हो पाई हैं।

-किरण, सीडीपीओ एवं कार्यवाहक जिला बाल कार्यक्रम अधिकारी, भिवानी



**भिवानी।** लोहारू में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर धरने पर बैठे लोगों को आश्वासन देते डॉ. संजीव गोयल। फोटो : हरिभूमि

## मेडिकल सेवाओं में अनियमितताओं के विरोध में लोगों ने दिया धरना

- स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग, एसएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कथित अनियमित स्वास्थ्य सुविधाओं से नाराज होकर अनेक सामाजिक संगठनों के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अनेक लोग धरना देकर बैठ गए और अस्पताल प्रशासन का विरोध किया। लोगों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में कोताही, बाहर के मेडिकल स्टोर की दवाइयां लिखने, घायल मरीजों और गर्भवती महिलाओं को बिना डिलीवरी के ही रेफर करने के आरोप लगाए हैं। अस्पताल प्रशासन के अनेक कर्मचारियों पर मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया और अपनी मांगों को लेकर एसएमओ डॉ. संजीव गोयल को ज्ञापन प्रेषित किया। डॉ. संजीव ने सभी शिकायतों का प्राथमिकता से निवारण करने का आश्वासन दिया।

वहीं गुस्साए लोगों ने शिकायतों का शीघ्र समाधान नहीं होने की सूरत में अस्पताल के दरवाजे पर ताला लगाने की धमकी दी है। लोहारू समस्या समाधान संगठन के प्रदीप सैनी, शहीद भगत सिंह समाज कल्याण समिति के प्रधान जगदीश जायलवाल, रामलीला कमेटी के संतलाल सैनी, वीरेंद्र बामला, पार्षद अजय शर्मा, पार्षद राजेश सैनी, पार्षद अशोक सैनी व पवन पीजी सहित अनेक लोगों ने अस्पताल प्रशासन की अनियमितताओं के विरोध में अस्पताल के मुख्य दरवाजे पर धरना दिया। प्रदीप सैनी ने बताया कि पिछले दिनों उनकी गर्भवती पत्नी को डिलीवरी के समय अस्पताल स्टाफ ने उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया। उन्हें निजी अस्पताल में पत्नी की डिलीवरी करवानी पड़ी। सोमवीर सिंह ने बताया कि पिछले दिनों उनके ससुर को भी अस्पताल में उचित दवाइयां नहीं दी और उन्हें पर्ची थमा बाहर की मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के आदेश दे दिए।

### किसान मुआवजे की मांग को लेकर आज करेंगे रोष प्रदर्शन, सौंपेंगे ज्ञापन, 26 दिन से दे रहे हैं धरना



**बाढ़डा।** अनाजमंडी में सयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसानों के बकाया मुआवजे की मांग को लेकर 26वें दिन भी किसानों का धरना जारी रहा, जिसकी अध्यक्षता धनसिंह नंबरदार काकड़ोली ने की। रोष प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। धरने को संबोधित करते हुए श्योराण खाप प्रधान बिजेंद्र बेरला ने कहा कि पिछले 26 दिनों से किसान क्षेत्र में हुई बैमोसमी बरसात व ओलावृष्टि से खरा हुई फसल के मुआवजे की मांग क र रहे है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली गई है, जिसको लेकर सयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर प्रदेशभर के किसान अपने क्षेत्र में रोष मार्च निकालकर रोष जताया जाएगा तथा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। कस्बे के दो दर्जन गांवों का दौरा कर किसानों को रोष प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। ब्लॉक के दो दर्जन गांव में जनअभियान चलाया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सीटू नेता सुमेर सिंह, मजदूर नेता रोशनलाल, धनसिंह नंबरदार, नसीब मोद, कामरेड रामपाल सिंह धारणी, हनुमान सिंह दलाल, श्योराण खाप प्रधान बिजेंद्र सिंह बेरला, प्रतापसिंह, करतार गोपी, ओमप्रकाश खोरड़ा, महीपाल कारी दास, राजेंद्र बेरला, जोरा सिंह व राजेश भांडवा आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय के विलय के विरोध में विद्यार्थियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार द्वारा राजकीय शिक्षण महाविद्यालय के चौ. बंसीलाल श्विविद्यालय में विलय की प्रस्तावित योजना का मंगलवार को विद्यार्थियों ने जमकर विरोध जताया तथा छात्र नेता प्रवीण बूरा व मोहित आसलवास के नेतृत्व में अन्य विद्यार्थियों ने भिवानी पहुंचे उच्च शिक्षा महानिदेशक एस नारायण आईएफएस के नाम मांगपत्र सौंपा। इस दौरान विद्यार्थियों ने इस विलय को रोकने की अपील की है। उनका तर्क है कि यह कदम ना केवल गरीब परिवारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा को महंगा बना देगा, बल्कि क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान की पहचान को भी समाप्त कर देगा।

मांगपत्र के माध्यम से प्रवीण बूरा व छात्र नेता मोहित आसलवास ने कहा कि प्रदेश में मात्र दो राजकीय शिक्षण महाविद्यालय भिवानी व नारनौल में ही चलाए जा रहे है, जिसमें से भी भिवानी के राजकीय शिक्षण महाविद्यालय का सीबीएलयू में विलय करने की विवि व विभागीय स्तर पर प्रक्रिया चल रही है, जो कि विद्यार्थी विरोधी कदम है। उन्होंने कहा कि भिवानी का शिक्षण महाविद्यालय वर्ष 1973 से संचालित है। बूरा ने कहा कि यह संस्थान प्रदेश के सबसे कम शुल्क वाले संस्थानों में से एक है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को बहुत लाभ हुआ है। छात्र नेता प्रवीण बूरा व मोहित आसलवास ने कहा कि वर्तमान में इस महाविद्यालय की फीस लगभग 34 हजार 500 है, जबकि सेल्फ फाइनेंस या निजी शिक्षण महाविद्यालयों की फीस एक लाख रूपये से भी अधिक है। यदि यह विलय होता है तो छात्रों को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार अधिक फीस का भुगतान करना होगा, जिससे गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इस अवसर पर शुभम, हिमांशु, रोहत, मोहित, देवी, करण, नीरज, अशोक, हर्ष, अनिल, प्रवीण ग्रेवाल, अभिलाष, सचिन बजीना, शंकर भिवानी, अंकुश, विनय दादरी सहित अन्य विद्यार्थी भी मौजूद रहे।



**भिवानी।** महानिदेशक को मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### महाविद्यालय की स्वतंत्र पहचान हो जाएगी समाप्त

मांगपत्र के माध्यम से छात्र नेता प्रवीण बूरा व मोहित आसलवास ने कहा कि वर्ष 2014 में इस महाविद्यालय को सीबीएलयू में विलय कर दिया गया था, परन्तु तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2015 में इस महाविद्यालय को फिर से राजकीय शिक्षण महाविद्यालय का दर्जा दिया था। अब इसे फिर से विश्वविद्यालय में विलय करने की योजना है, जिससे इसकी स्वतंत्र पहचान समाप्त हो जाएगी। ऐसे में इस महाविद्यालय को विलय करने के बजाय इसे एक स्वतंत्र शिक्षण महाविद्यालय के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

## स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल सुरेन्द्र सिंह खेल परिसर में होगी आज

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा आईएएस के कुशल मार्गदर्शन में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां पूरी की जा रही है। बुधवार को फाइनल रिहर्सल में स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल चौधरी सुरेन्द्र सिंह खेल परिसर में होगा। राष्ट्रगान की धुन के साथ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण करने की रिहर्सल होगी। मुख्य

**ध्वजारोहण की रिहर्सल होगी**

अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। परेड निरीक्षण के बाद मुख्य अतिथि अपना संबोधन देंगे। उसके बाद मार्च पास्ट की टुकडियां राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए मंच के सामने से गुजरेंगी। वहीं रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होगी। जिस भी विभाग को जो दायित्व दिया गया है, उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। रिहर्सल के दौरान मेहमानों, स्वतंत्रता सेनानियों व वीरांगनाओ और उनके परिवार जनों तथा सम्मानित होने वाले गणमान्य नागरिकों के बैठने सहित तमाम व्यवस्थाओं को फाइनल रिहर्सल में शामिल किया गया है।

## नई अनाज मंडी में आज होगी स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल

**चरखी दादरी।** नई अनाजमंडी परिसर में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल होगी। उपायुक्त मुनीश शर्मा इस अवसर पर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। कार्यक्रम सुबह ठीक 9 बजे शुरू होगा। एसडीएम योगेश सैनी ने समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को संबंधित

**9 बजे शुरू होगा कार्यक्रम**

विभागों के अधिकारियों के साथ मंत्रणा की। उन्होंने बताया कि बुधवार 13 अगस्त को सुबह 9 बजे नई अनाज मंडी परिसर में उपायुक्त मुनीश शर्मा मुख्यतिथि के तौर पर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे और मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग व होमगार्ड सहित कॉलेज व स्कूलों के छात्र-छात्राओं की परेड की टुकड़ियां मार्चपास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगी। परेड टुकडियों में स्कूल व कॉलेज के 250 विद्यार्थी मार्चपास्ट करेंगे। इसके बाद स्कुली बच्चों द्वारा पीटी, डम्बल व लेजियम का प्रदर्शन किया जाएगा।



### स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कोर्ट परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक दिखाएंगी झरवाई की महिलाएं

**भिवानी।** गांव झरवाई की महिलाओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर की जा रही है। गांव की महिलाएं उत्सव को यादगार बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों में जी-जान से जुटी हुई हैं। सरपंच कमला देवी ने बताया कि इस बार स्वतंत्रता दिवस पर झरवाई की महिलाओं को कोर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आमंत्रित किया, जिसमें महिलाओं द्वारा देशभक्ति और संस्कृति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरपंच कमला ने बताया कि कोर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए गांव झरवाई की महिलाएं अपने पारंपरिक लोकनृत्य और गीतों को प्रस्तुत करने के लिए रोजाना अभ्यास कर रही हैं। इन कार्यक्रमों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे। सरपंच कमला ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए सिर्फ एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि हमारी पहचान और गौरव का प्रतीक है।

**बाढ़ड़ा की अनाजमंडी में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरू**

## सुरेंद्र डांगी की अगुवाई में पुलिस टुकड़ी ने की रिहर्सल

- ब्लॉक कॉर्डिनेटर सविता चौधरी के नेतृत्व में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर बाढ़ड़ा अनाज मंडी में तैयारियां जोरों पर हैं। मंडी परिसर को स्वच्छ और आकर्षक बनाने के लिए मंगलवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया, जिसका नेतृत्व स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कॉर्डिनेटर सविता चौधरी ने किया। कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की मदद से मंडी प्रांगण की सफाई की और ध्वजारोहण स्थल को सजाया। चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए गर्व का विषय है और हमें इसे पूरे उत्साह और स्वच्छ वातावरण में मनाना चाहिए। अनाजमंडी में स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, वहीं कार्यक्रम की सुरक्षा और परेड की तैयारियों के तहत पुलिस टुकड़ी द्वारा रिहर्सल की। रिहर्सल का नेतृत्व पुलिस अधिकारी सुरेंद्र डांगी ने किया। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।





## विशेष स्कूल के लिए एसडीएम ने कमेटी के साथ किया दौरा

- अधिनियम 2016 की धारा 51 के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष स्कूल खोलने की व्यवस्था की गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दिव्यांगजन अधिनियम के तहत विशेष स्कूल की स्वीकृति के लिए किए गए आवेदन को लेकर एसडीएम योगेश सैनी ने संबंधित अधिकारियों के साथ शिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। कमेटी ने बिगोवा एजुकेशन सोसायटी के नाम से बरसाना मोड स्थित शिक्षण संस्थान के भवन सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। विदित है कि दिव्यांगजन अधिनियम 2016 की धारा 51 के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष स्कूल खोलने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए संबंधित शिक्षण संस्थान को कुछ विशेष व्यवस्था करनी जरूरी हैं और संस्थान को उपायुक्त के नाम आवेदन करना होता है। ऐसे स्कूल खोलने की अनुमति देने के लिए संबंधित जिला के उपायुक्त को शक्तियां दी गई हैं।



# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

## लाइफ Style

# भूमि

## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।



## हॉलीवुड मसाला




# दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।




# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।




# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

## टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।



# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।



# बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...



*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*

***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*


***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*

## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*मुंबई। हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जिओ हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन :** डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्स: द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा :** सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी :** पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स :** कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा :** हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**एलियन: अर्थ :** एलियन: अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप :** अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान :** तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड :** लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

**खबर संक्षेप**



तोशाम। माइनर में पानी न पहुंचने के बाद झाड़िया दिखाते किसान।

## गांव सण्डवा के रजबाहे में नहीं आ रहा पानी

**तोशाम।** गांव संडवा में किसान पानी आने का लंबे समय से इंतजार कर रहे है सिवानी लिंक से सण्डवा रजबाहे में फरवरी महीने से पानी नहीं आ रहा है जिससे किसान सिंचाई के पानी का इंतजार कर रहे है। 300 से ज्यादा किसान इस संडवा रजबाहे के पानी से खेती पर निर्भर रहते है। हल्के तोशाम के कुछ गांव सागवन, दांग, बीरन आदि गांव पानी से डूब रहे हैं तो वहीं गांव संडवा के किसान सिंचाई के पानी आने का इंतजार कर रहे है। किसानों ने बताया कि फरवरी के बाद से इस सण्डवा रजबाहे में सिंचाई के लिए पानी नहीं आया है।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा स्थित शहीद गुलाब सिंह पार्क में खड़ी कांग्रेस घास व अन्य गंदगी को साफ करते हुए नपा सफाई कर्मचारी।

## शहीद गुलाब सिंह पार्क में घास-फूस किया साफ

**बवानीखेड़ा।** नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री एवं सचिव संदीप गर्ग द्वारा बवानी खेड़ा स्थित शहीद गुलाब सिंह पार्क में खड़ी कांग्रेस घास व अन्य गंदगी को साफ करवाने का कार्य किया। शहीद गुलाब सिंह पार्क किसी जमाने में नगर पालिका पार्क के नाम से जाना जाता था। शहर के वीर जवान गुलाब सिंह के शहीद होने पश्चात इसका नामकरण वीर शहीद के नाम पर किया गया और इसमें झूले भी लगाए गए लेकिन संभाल न होने के चलते इसकी ग्रील, दिवार, झूल नष्ट हो गए और इसमें आवारा, बेसहारा पशुओं ने आशियाना बना लिया।

## प्रशिक्षण शिविर में 114 अध्यापक हुए शामिल

**बवानीखेड़ा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भिवानी, जिला परियोजना संयोजक व यूएलएफ ने मिलकर अलग-अलग खंड का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमें भिवानी खंड से कुल 104 अध्यापक शामिल हुए। जिन्होंने कुशल बिजनेस चैलेंज संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसका उद्देश्य छात्रों में व्यावसायिक दृष्टिकोण का विकास करना है। यह प्रतियोगिता हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित की जाती है।

### 10वीं ओपन जूनियर जिला एथलेटिक चैंपियनशिप का सफल आयोजन

# एसएल इंटरनेशनल स्कूल जुई में खेल स्पर्धा, प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

प्रतियोगिताओं के जरिए प्रतिभा को तराशने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ शिक्षक व दौड स्पर्धा में भाग लेते प्रतिभागी।

एस.एल. इंटरनेशनल स्कूल, जुई कलां में 10वीं ओपन जूनियर जिला एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस भव्य 'प्रतियोगिता का आयोजन एथलेटिक्स एसोसिएशन के प्रधान, दिलबाग सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें जिले के युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के लिए विभिन्न श्रेणियां रखी गईं, जिनमें अंडर-14, अंडर -16, अंडर -18, और अंडर -20 शामिल थीं। इन श्रेणियों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने दम खम का परिचय दिया। हर एक स्पर्धा में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर स्कूल के संचालक, डॉ. चंद्र प्रकाश मलिक, भी मौजूद रहे।

खेल से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी संभव

उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, खेल हमें सिर्फ शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं। यह हमें अनुशासन, कड़ी मेहनत और टीम भावना सिखाते हैं। हमें हमेशा खेल भावना का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि हार-जीत से ज़्यादा ज़रूरी है खेल में अपनी भागीदारी और निष्पक्षता। पूरे टूर्नामेंट के दौरान जुई और एस.एल. इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों का दबदबा बना रहा। इस सफल आयोजन ने न केवल युवा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान किया, बल्कि खेल के महत्व को भी उजागर किया। प्रतियोगिता का समापन पदक वितरण समारोह के साथ हुआ । विभिन्न खेलों में डिस्कस थ्रोः अंशिक, अंकिता,'लॉन्ग जंपः करण, जैवलिन थ्रोः प्रीति, हाई जंपः पीयूष, शॉट पुटः अरविंदर सिंह, 3000 मीटर रेस : आरती, 600 मीटर रेस : आदित्य, 500 मीटर रेसः दीपांशु विजेता रहे। यह आयोजन युवा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने और खेल के महत्व को उजागर करने का एक सफल मंच रहा।



तोशाम। मेधावियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी हुए सम्मानित

**तोशाम।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में कक्षा बारहवीं के उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सत्र 2021 से 2025 के विद्यार्थियों ने मंच के माध्यम से अपने अनुभव को भी सांझा किया। किरण, सचिन, नैना, रजत, रेणु, आंचल और नैन्सी भाटी ने 'नीट' की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर एमबीबीएस में प्रवेश लिया। इसी प्रकार जय श्याम और हर्ष यादव ने जेईई-मेन में शानदार प्रदर्शन कर आईआईटी मद्रास और आईआईटी हिमाचल में प्रवेश लिया है। इसी कड़ी में चिराग, मनदीप और कोमल ने 'क्लैट' की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर सीए में प्रवेश लिया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के माता-पिता भी उपस्थित रहे।

## हरियाणा में 15 अगस्त मनाना भी हुआ मुश्किल जलभराव से निपटने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** 15 अगस्त के पर्व को मनाना भी मुश्किल है गया है देश के इतिहास में भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार के नाम काला अध्याय लिखा जाएगा यदि समय रहते हल्का बवानीखेड़ा, तोशाम, भिवानी के दर्जनों गांवों से जलभराव से नहीं निपटा गया। यह बात आज जजपा के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका,महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी डा. किरण पूनिया व महिला प्रदेशाध्यक्ष रजनी मलिक दहिया ने जलभराव से परेशान गांव मंढाना,तालू,जताई, मुंढाल,धनाना,बडेसरा,पूर, कुंगड़,हल्का तोशाम के गांव दांग,सांगवान में भरे जलभराव को लेकर सीटीएम के माध्यम से हरियाणा सरकार के नाम एक मांग पत्र सौंपते समय उपस्थित कार्यकर्ताओं को कहे। मांग पत्र व बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा धारेडू व जिला प्रभारी कृष्ण बजीना ने की। ज्ञापन के माध्यम से जजपा पदाधिकारियों ने मांग करते हुए कहा की आज जलभराव से उक्त गांवों के बच्चों का स्कूल जाना भी दुभर हो गया है।

# जनकल्याण सहयोग संगठन ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

- आगजनी से पीड़ित व्यापारियों के समक्ष खड़ा हुआ रोजी-रोटी का संकट, मदद करे प्रशासन : तौला

हरिभूमि न्यूज,भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर उपायुक्त को मांगपत्र सौंपने जाते हुए।

हाल ही में शॉर्ट सर्किट के कारण हांसी गेट स्थित वर्धमान बैग हाऊस और मुकेश बैग हाऊस में लगी आग ने व्यापारियों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

इस घटना में वर्धमान बैग हाऊस को करीब 60 लाख रुपये और मुकेश बैग हाऊस को करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ था। इस नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर जनकल्याण सहयोग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक अग्रवाल तौला के नेतृत्व में पीड़ित व्यापारी वर्धमान बैग हाऊस से विजय जैन तथा मुकेश बैग हाऊस से मुकेश कुमार ने भिवानी के उपायुक्त को एक मांगपत्र सौंपा तथा उचित मुआवजे की मांग की।

# नशा मुक्त जीवन की शपथ दिलाई

- समाज को नशे रूपी राक्षस के चंगुल से बचाना होगा :नीलम

हरिभूमि न्यूज : भिवानी



भिवानी। विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलवाती ब्रह्माकुमारी नीलम बहन। फोटो : हरिभूमि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर राजकीय वमा विद्यालय कादमा में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने नशा मुक्त जीवन की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा कि राष्ट्र की शक्ति युवा शक्ति है युवाओं को एकता व अनुशासन में रहकर देश प्रेम की भावना से घर परिवार समाज देश को नशे रूपी राक्षस के चंगुल से बचाना होगा तभी हमारा भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है।

उन्होंने कहा कि हम अगर भारत देश को विकसित बनाना चाहते हैं तो युवाओं को नशे रूपी राक्षस से बचा उनका नैतिक, चारित्रिक व मानवीय विकास करना होगा और यह आध्यात्म के द्वारा ही संभव है। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा कि भारत व विश्व की 21 संस्कृतियों में से 19 संस्कृतियों का नाश नशे के कारण हुआ। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाना हम सभी का परम कर्तव्य है क्योंकि नशा नाश की जड़ है घर परिवार व समाज में मूल्यों की गिरावट का मूल कारण नशा है। उन्होंने कहा सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक मूल्यों व मेडिटेशन के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को मूल्य निष्ठ बना समाज को श्रेष्ठ बना सकते हैं।

प्राचार्य अनील कुमार ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए नशा एक चिंता का विषय है अगर हम भारत देश को विकसित करना चाहते हैं तो युवाओं को नशामुक्त बनाना। पूर्व प्रवक्ता संतोष ने कहा कि अपने घर परिवार गांव व समाज को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि किसी

# बैठक में प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की

- सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी प्रदर्शनों की रूपरेखा की तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजि. नंबर-41 मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी की मीटिंग मंगलवार को बड़ चौक स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने की व संचालन जिला सचिव सोमबीर पालवास ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से निम्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें सभी ब्रांचो की आम सभा बुलाकर मीटिंग करना, 20 अगस्त को तीनों विभागों के अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग, पब्लिक हेल्थ, बीएंडआर के कार्यालय पर प्रदर्शन करके ज्ञापन देना, 6 सितंबर को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के आवास भिवानी पर प्रदर्शन करना, 13 सितंबर को पब्लिक हेल्थ व बीएंडआर मंत्री रणवीर गंगा के हिसार आवास पर रेशनेलाईजेशन को लेकर प्रदर्शन करने की रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर जिला प्रधान अनिल बागड़ी व जिला सचिव सोमबीर पालवास ने कहा कि कर्मचारी सरकार की रेशनेलाईजेशन पॉलिसी का विरोध व निंदा करते है । उन्होंने कहा कि सरकार अपनी कर्मचारी विरोधी नीतियों से लगातार कर्मचारियों को परेशान कर रही है, जिससे अब कर्मचारी तंग आ चुके है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार अपनी कर्मचारी विरोधी नीतियों से बाज नहीं आती है तो इन प्रदर्शनों में कर्मचारी बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर राज्य उपप्रधान सूरजभान जटासरा, राज्य संगठन सचिव सुशील आलमपुर, राज्य सह सचिव संदीप सौरखी, जिला कोषाध्यक्ष विनोद तंवर, जिला उप प्रधान रामशरण खुंडिया, जिला प्रचार सचिव दिनेश यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएवी स्कूल में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अतीत की अनुगूँज और भविष्य की आवाज' विषय को अधिकृत्य कर डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी में हुआ सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

वर्धमान ज्वैलर्स एवं त्रिवेणी दंत चिकित्सालय के सौजन्य से डी. ए. वी. पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी में अतीत की अनुगूँज और भविष्य की आवाज' विषय को लक्षित कर एक सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के आकर्षण का केंद्र बनी इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडल्स को आगंतुकों ने बहुत सराहा। इन मॉडल्स में नया संसद भवन,विश्व और भारत की राजधानियाँ,पृथ्वी की भू - आकृतियाँ ,ज्वालामुखी उपभोक्ता अधिकार, बादलों के प्रकार, संविधान की पुस्तक को सम्मिलित किया गया। इसके अतिरिक्त इस प्रदर्शनी में अनेक रचनात्मक प्रदर्शन इतिहास, भूगोल, नागरिक-शास्त्र और पर्यावरण विज्ञान का सुंदर-समन्वय प्रस्तुत किया गया। इसके साथ आयोजित दंत एवं त्वचा जाँच शिविर ने सभी को स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया।डॉक्टरों और अभिभावकों ने छात्रों की लगन ,शोध और आत्मविश्वास की भरपूर प्रशंसा की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को एस.के.सिंह आर.पी.ओला और सचिन जैन ने पुरस्कृत भी किया। प्रदर्शनी को लेकर प्राचार्या कुसुम शर्मा ने छात्रों की प्रशंसा।

## कुशल बिजनेस चैलेंज 2.0 के तहत हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



**बवानीखेड़ा।** सरकारी विद्यालय में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने तथा कुशल बिजनेस चैलेंज 2.0 के तहत बच्चों में एंटरप्रेन्योर स्किल को विकसित करने हेतु भिवानी जिले के सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के वोकेशनल अध्यापकों तथा वाणिज्य व अर्थशास्त्र अध्यापकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहड़ में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना संयोजक विनय कुमार जिंदल ने बताया कि ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में एंटरप्रेन्योर स्किल को विकसित करने अर्थात उन्हें नौकरी की खोज करने की अपेक्षा रोजगार देने हेतु तैयार करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद हरियाणा, गुरुग्राम के द्वारा प्रशिक्षित किए गए मास्टर ट्रेनर अध्यापकों को उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने और बच्चों में आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और तकनीक प्रदान करेंगे।

# नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। खिलाड़ियों का परिचय लेकर प्रतियोगिता शुरू करवाते एसपी मनबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

एसएसपी मनबीर सिंह ने कहा है कि नशा व्यक्ति को ही नहीं पूरे राष्ट्र को नुकसान पहुंचाता है, यह राष्ट्रीय निर्माण में बहुत बड़ा बाधक है। युवाओं को चाहिए कि वे नशे से दूर रह कर समाज व राष्ट्र के नव निर्माण में अपना योगदान दें। प्रवर पुलिस अधीक्षक मंगलवार को गांव धारवानवास में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित ग्रामीण भृमण कार्यक्रम में ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर खेलों का आयोजन भी किया गया। प्रवर पुलिस अधीक्षक द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी सन्देश दिया गया। सरपंच प्रतिनिधि विनोद नेहरा व भगत सिंह ने प्रवर पुलिस अधीक्षक का गांव में पंहुचने पर स्वागत किया और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसएसपी मनबीर सिंह ने कहा कि जिला में नशे के सौदागरों के सिस्टम को तोड़ने के लिए पुलिस विभाग द्वारा अत्थक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में युवाओं का नशे की तरफ रुझान बढ़ रहा है, जो बहुत ही गंभीर चिंता का विषय है। युवा जिसे हम देश की शक्ति मानते हैं ।

## विकास की नई राह युवा विषय पर किया गया विस्तृत व्याख्यान का आयोजन



**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय,भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों, एनसीसी और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत विकास की नई राह युवा विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन वैश्य प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के प्रभारी डॉ कामना कौशिक,डॉ मोहनलाल,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ हरिकेश पंघाल,एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ अनिल तंवर की देखरेख में आयोजित किया गया। विस्तृत व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ रत्न सिंह ने शिरकत की। वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कहा कि तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना और हमारे छात्रों को उनकी धरोहर के प्रति जागरूक करना है।

## जलभराव से किसानों को हुआ नुकसान उचित मुआवजा दिलवाए प्रशासन : खरेटा

**भिवानी।** ग्राम स्वराज किसान मोर्चा और गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को गांव सांगवन में जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने किसानों और ग्रामीणों से मुलाकात कर जलभराव के कारण हो रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के मोर्चा और ट्रस्ट के सदस्यों ने पाया कि लगातार बारिश और जलभराव के कारण किसानों की फसलें बुरी तरह से बर्बाद हो गई हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके साथ ही ग्रामीणों को भी आवागमन और दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा व महासचिव मा. रघुबीर भेरा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जलभराव से बीमारियों के पनपने का खतरा बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की ताकि स्थिति को सामान्य किया जा सके। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि प्रभावित किसानों को एक लाख रूपये प्रति एकड़ तथा प्रभावित मकान मालिकों को 35 लाख रूपये प्रति मकान जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए, ताकि वे इस आर्थिक संकट से उबर सकें। इस मौके पर रामबीर फौजी व जगबीर अलखपुरा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि प्रशासन किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेगा और त्वरित कार्यवाही करेगा।

### विधायक कपूर वाल्मीकि ने किया नेतृत्व

# बवानीखेड़ा में तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा में विधायक कपूर वाल्मीकि, भिवानी जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक, नपा चेयरमैन सुंदर अत्री, तिरंगा सह-संयोजक मीना परमार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

बवानी खेड़ा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसकी अगुवाई विधायक कपूर वाल्मीकि, भिवानी जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक, नपा चेयरमैन सुंदर अत्री, तिरंगा सह-संयोजक मीना परमार ने की।

पार्टी के एक मैसेज से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी लोगों ने इसमें पहुंचकर हिस्सा लिया वहीं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपनी अहम भूमिका अदा की। तिरंगा यात्रा विश्राम गृह से चलकर सामान्य अस्पताल से लेकर हांसी चुंगी से होती हुई शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई राष्ट्र के प्रति सच्ची भावना व भक्ति का संदेश देते हुए शहीद गुलाब सिंह पार्क पहुंची। विधायक कपूर वाल्मीकि, भिवानी जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक, नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि छोटे से बुलावे पर जिस प्रकार जनसैलाब उमड़ा, वह दृश्य हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी के मन में राष्ट्र के प्रति सच्ची भक्ति होनी चाहिए। वहीं उन्होंने इस तिरंगा यात्रा को कामयाब बनाने के लिए उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

नगरपालिका चेयरमैन सुंदर अत्री और तिरंगा सह-संयोजक मीना परमार ने भी इस यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीत बज रहे थे, जिससे माहौल पूरी तरह से देशभक्ति में डूब गया था।भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि तिरंगा यात्रा ने ना केवल लोगों को 15 अगस्त के लिए प्रेरित किया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि जब बात देश की होती है, तो पूरा समुदाय एकजुट होकर खड़ा हो जाता है।

## जीतू महाराज के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आज से

**भिवानी।** स्वामी जीतू महाराज के 168वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जीतू धानक समाज कल्याण सेवा समिति 13 व 14 को दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजित करेगी। समिति के प्रधान राजकुमार सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन हनुमान गेट स्थित स्वामी जीतू पतित पावन पाठशाला में किया जाएगा।

**सूचना**

मैं, सूबे सिंह पुत्र गुलजारी गांव मंढोलीकला तहसील लोहारू जिला भिवानी अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राजेश उर्फ बबलू तथा पुत्रवधू पूनम पत्नी राजेश उर्फ बबलू जो कि मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मै अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधू का मेरा व मेरे परिवार से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं है। भविष्य में इनसे कोई अपनी लेन देन व व्यवहार करेगा व खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

## गोशाला में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आज

**भिवानी।** गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष और ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र सिंह गोदारा ने कर बताया कि ट्रस्ट द्वारा संचालित बेरोजगारी एवं बीमारी उन्मूलन अभियान के तहत नवां की ढाणी स्थित गोशाला में 13 और 14 अगस्त को दो दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आरोग्य वैदिक पैथी हेल्थ केयर सेंटर की भी स्थापना की जाएगी।

## महंत सजन गिरी की पुण्यतिथि पर सत्संग

**भिवानी।** जय बाबा भईया डेरा में महंत सजन गिरी धारेडूवाले की 9वीं पुण्यतिथि भादप्रद तीज पर सत्संग व भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु व भक्तजनों ने भाग लिया। सत्संग व भंडारे का शुभारंभ डेरे के संचालक महंत ईश्वर गिरी महाराज ने बताया कि हर वर्ष भादप्रद तीज पर सत्संग व भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि जो भी भक्त सच्चे मन से बाबा को याद करता है, उसकी हर मनोकामनापूर्ण होती है।

## एनएसएस स्वयं सेवकों ने निकली तिरंगा यात्रा

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में एनएसएस सेल के सौजन्य से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा को कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने कुलसचिव डॉ भावना शर्मा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ सुरेश मलिक संग हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विश्वविद्यालय की एनएसएस सेल के स्वयं सेवकों ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर भारत माता एवं वन्देमातरम के जयघोष के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रहित सर्वोपरि का संदेश दिया।

## एचआईवी को लेकर किया जागरूक

**तोशाम।** स्वास्थ्य विभाग एवं सिविल सर्जन भिवानी के निर्देशानुसार तोशाम के चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय यूथ दिवस के मौके पर एचआईवी से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत सिविल अस्पताल तोशाम के डॉक्टर अरुण जांगड़ा द्वारा एचआईवी पर जागरूक करने के लिए व्याख्यान दिया गया।

### खाद की मांग को लेकर उपायुक्त से मिले आधा दर्जन गांव के किसान

# खाद के लिए मारामारी, लाइनों में खड़ा होना लाचारी, फिर भी नहीं आती बारी

चाहे रबी फसल की बिजाई की बात हो या फिर खरीफ की, किसानों को दोनों सीजनों में खाद की समस्या से जुझना पड़ रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

शायद लगता है खाद की समस्या किसानों के साथ साए की तरह चिपक गई है। चाहे रबी फसल की बिजाई की बात हो या फिर खरीफ फसलों में यूरिया खाद डालने की। किसानों को दोनों सीजनों में खाद की समस्या से जुझना पड़ता है। फिलहाल जिले में यूरिया खाद के लिए जबरदस्त मारामारी मची हुई है। किसानों को सुबह लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है। इस तरह का वाक्या पिछले दो सप्ताह से बना हुआ है। आज यूरिया व डीएपी खाद के लिए गांव दिनोद व सिरसा घोघड़ा के किसान अनाजमंडी में पहुंचे। अल सुबह करीब दो सौ पांच किसान मौजूद थे। चूंकि सभी खाद लेने वाले किसानों ने अपने हस्ताक्षरयुक्त कागजात तैयार किया था। ताकि उपायुक्त को ज्ञापन के साथ दिया जा सके। किसानों ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से खाद के लिए लगातार अनाजमंडी स्थित सरकारी खाद की दुकान पर पहुंच रहे है,लेकिन उनको खाद नहीं मिल पा रही है। सुबह उनको अगले दिन की कह कर वापस भेज दिया जाता है,लेकिन शाम पांच बजे के बाद खाद के स्टॉक को दाए बाए किया जा रहा है। किसानों ने निजी दुकानदारों को भी खाद देने का आरोप लगाया। अगर वे निजी दुकानदारों के पास खाद के लिए जाते है तो उनको यूरिया व डीएपी खाद के साथ अन्य सामान बेच रहे है। उस सामान की उनको कोई जरूरत ही नहीं है। ऐसे में उन पर दोहरी मार पड़ रही है।




**भिवानी।** खाद के लिए लाइनों में लगे किसान। *फोटो: हरिभूमि*

### सुबह पांच बजे पैक्स के दरवाजे पर पहुंचे किसान

दो दिन पहले गांव लोहारी जाटू में यूरिया खाद का स्टॉक पहुंचा था। कल किसी कारणवश खाद वितरित नहीं हो पाई। आज पैक्स में खाद वितरण का कार्य शुरू होने वाला था। खाद के लिए किसान सुबह पांच बजे पैक्स के दरवाजे पर पहुंच गए। पैक्स संचालक के पहुंचने से पहले ही करीब सौ किसान लाइनों में खड़े हो गए। करीब सात बजे पैक्स संचालक सोसायटी में पहुंचे तो और वितरण का कार्य शुरू होने वाला था कि कुछ किसानों ने अपनी बारी पहले बता कर हंगामा करना आरंभ कर दिया। कुछ देर तक खाद के लिए पर्ची काटनी शुरू की ,लेकिन लाइनों में खड़े किसानों ने विरोध कर दिया। जिस वजह से किसान लाइन तोडकर काऊंटर पर खड़े हो गए। उसके बाद पैक्स संचालक ने खाद वितरण करना बंद कर दिया। करीब आधे घंटे तक किसानों ने जमकर बवाल काटा। बाद में अगले दिन बुधवार को खाद वितरण करने पर सहमति बनी। उसके बाद सुबह पांच बजे से लाइनों में खड़े किसानों को बिना खाद लिए ही वापस लौटना पड़ा।



**भिवानी।** खाद की मांग को लेकर उपायुक्त को मांगपत्र सौंपने जाते किसान।

### खाद आते ही की जाती है वितरित

बवानीखेड़ा पैक्स प्रबंधक सुखबीर ने बताया कि शुक्रवार को 850, सोमवार को 550 तथा मंगलवार को 550 यूरिया खाद के बैग आए थे। इस दौरान बवानीखेड़ा के किसान कम यूरिया खाद ले रहे है बल्कि गांव कूंगड़,सिवाड़ा आदि गांवों के किसान ज्यादा खाद के लिए आ रहे है। उक्त इलाकों में जलाभराव है। अब थोडा बहुत पानी कम हुआ है। उन्होंने बताया कि खाद आते किसानों को वितरित कर दी जाती है। इस मामले में कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही है।

### उपायुक्त कार्यालय पर की नारेबाजी

यूरिया खाद की मांग को लेकर आधा दर्जन गांव के किसान उपायुक्त से मिले। किसानों ने उपायुक्त से पर्याप्त यूरिया व डीएपी खाद दिलाए जाने की मांग की। इस दौरान किसानों ने नारेबाजी की। किसानों ने बताया कि वे यूरिया व डीएपी खाद के लिए रोजाना भिवानी सुबह पांच बजे पहुंच रहे है। घंटो लाइनों में खड़े होते है,लेकिन उनको यह कह कर वापस भेज दिया जाता है कि खाद आज नहीं कल बांटी जाएगी। इस तरह के आश्वासन मिलते हुए दो सप्ताह से अधिक का समय निकल गया,लेकिन उनको खाद नहीं मिल पाई है। खाद न मिलने से उनके खेतों खरीफ की फसल पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। फसलों में फुटाव रूक गया। अगर यही हाल रहा तो फसलों की औसतन पैदावार में काफी कमी आएगी। गांव दिनोद के किसान ने बताया कि अगर इस वक्त खरीफ की फसल में यूरिया खाद नहीं डाली गई तो उस फसल में फुटाव व उसका बढवार पूरी तरह से रूक जाएगा। जिसका सीधा असर उसकी औसतन पैदावार पर पड़ेगा।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

- आप ही स्वयं के मूल्यांकनकर्ता बनोगे तो अपनी गलतियों को पहचानकर और अधिक बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे : सोनल दहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में युवा कल्याण विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की संरक्षक कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी एवं सह संरक्षक कुलसचिव डॉ भावना शर्मा थी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुरेश मलिक तथा कार्यक्रम सचिव डॉ सोनल शेखावत थीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध टीवी एंकर एवं यूथ आइकन सोनल दहिया ने शिरकत की। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को सही दिशा देकर ही हम 2047 के विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से किसी भी तरह का नशा नहीं करने, मोबाइल का प्रयोग कम से कम करने और प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास एवं व्यायाम कर पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने का आह्वान किया। प्रो संजीव कुमार ने कहा कि युवा का दिमाग ठंडा और खून गर्म होता है। युवा अपने समय का सदुपयोग कर समय का प्रबंधन करें। बतौर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध टीवी एंकर एवं यूथ आइकन सोनल दहिया ने युवाओं से कहा कि अपने पैशन को आप ही बेहतर जानते हो। आप ही स्वयं के मूल्यांकनकर्ता बनोगे तो अपनी गलतियों को पहचानकर और अधिक बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आप टेक्नोफ्रेंडली बनें ये अच्छी बात है परंतु सोशल मीडिया का सदुपयोग करें।अपनी संगत अच्छी रखें और पैशन के साथ शिक्षा जारी रखें। उन्होंने कहा कि आपके ज्ञानार्जन का उपयोग स्वयं और समाज को बदलने में करें। आप किसी भी क्षेत्र में हो अपने कम्युनिकेशन स्किल को अवश्य संवारे। उन्होंने विद्यार्थियों को एक कविता कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है।

## प्राचार्य ने तिरंगा यात्रा को दिखाई झंडी

- लोहारू के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में तिरंगा यात्रा निकाल दिया देशभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

मंगलवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय सहित कई शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति को संदेश दिया और कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है तथा राष्ट्र के प्रति प्रत्येक व्यक्ति समर्पण भाव का परिचय देना चाहिए।

मॉडल संस्कृति स्कूल परिसर में तिरंगा यात्रा को रवाना करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक में देश के प्रति समर्पण और त्याग की भावना होनी जरूरी है। प्राचार्य पूनम श्योराण की अध्यक्षता में आयोजित तिरंगा यात्रा में राजीव वत्स, दिनेश खेतान, डीपीई विनोद बॉक्सर, डीपीई रवि कुमार, पीटीआई बबीता तोमर सहित स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और तिरंगे साथ शहर में यात्रा निकाली। वहीं दूसरी ओर चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार चहल की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा निकाली तथा प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से कॉलेज परिसर गूंज उठा।



**लोहारू।** तिरंगा यात्रा में हिस्सा लेते चौधरी बंसीलाल कॉलेज के शिक्षक व विद्यार्थी।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर डॉ. सुखवीर सिंह, डॉ. अजय, डॉ. अनिल, डॉ. सीमा, डॉ. पूनम, पिंकी, सीमा समेत महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने तिरंगा यात्रा निकाली

- भव्य तिरंगा यात्रा से देशभक्ति से ओत प्रोत नजर आया पूरा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

मंगलवार को जिले कई क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्राओं ने पूर्ण रूप से देशभक्ति का माहौल बना दिया। हर तरफ भारत माता की जय की गूंज सुनाई दी। उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में बौंद कलां गांव स्थित पीएमश्री राजकीय माडल संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मंगलवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा को स्कूल के प्राध्यापको विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों ने द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के गीतों के साथ गांव में यात्रा निकाली। विद्यार्थियों ने जोरदार देशभक्ति के नारों व भारत माता की जयकारों से आकाश गुंजायमान कर दिया।

तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा गांव देश भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। तिरंगा यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पर स्वागत किया गया। देशभक्ति के कार्यक्रम में छात्राओं व बच्चों में देश के प्रति देशभक्ति की भावना व ग्राम वासियों में भी देशभक्त की भावना पैदा होती है। तिरंगा यात्रा में सभी स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया व यात्रा मे विद्यार्थियों के साथ साथ-साथ रहे।



**चरखी दादरी।** तिरंगा यात्रा निकालते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

### दादरी पुलिस ने भी किया तिरंगा यात्रा का आयोजन

पुलिस विभाग की ओर से पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशन में दादरी शहर के मार्गो से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा महिला थाना से प्रारंभ होकर रेलवे रोड़, अनाज मंडी, पटियाला चौक, झाड़ू चौक, रोहतक चौक से लौहारु चौक तक निकाली गई।

### विभिन्न गांवों में बच्चों ने निकाली यात्रा

जिला के विभिन्न गांवों में सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों ने भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथ में लेकर यात्रा का आयोजन किया और इस दौरान देशभक्ति के नारे लगाए। हर घर तिरंगा अभियान के तहत पिछले कई दिनों से शिक्षा विभाग अपने स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है।

## शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली

**भिवानी।** क्षेत्र के गांव लेघा हेतवान तथा लेघा भानान में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा भारतीय जनता पार्टी के बापोड़ा मंडल अध्यक्ष जगत के नेतृत्व में गांव लेघा हेतवान के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर गांव लेघा भानान तक आयोजित हुई। यात्रा के दौरान ग्रामीण तथा स्कूली बच्चों में भी देशभक्ति के प्रति काफी जोश दिखाई दिया। इस दौरान यात्रा में मौजूद सभी लोगों ने अपने हाथों में तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति से ओत प्रोत होकर गगनभेदी नारे लगाए और गांव के माहौल को एक बारगी पूर्ण रूप से देशभक्तिमय बना दिया। इस दौरान भाजपा के बापोड़ा मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने कहा कि हमारी आजादी के लिए हमारे वीर शहीदों ने तिरंगे की रक्षा करते हुए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। उनकी बदौलत आज हमारा तिरंगा सुरक्षित है तथा हम आजादी की सांस ले रहे हैं। उन वीर शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनिपाल तंवर, प्रधान पवन धतरवाल तिरंगा यात्रा संयोजक, राधेश्याम लोहानी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## तिरंगा बलिदान का प्रतीक:सुचित्रा

- हड़ौदी में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर निकाली हर

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढ़ड़ा

गांव हड़ौदी में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा अभियान के तहत राजकीय वमा विद्यालय हडोदी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुचित्रा, ग्राम सरपंच सुनील, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील तथा स्टाफ सदस्य एवं सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर को तिरंगे रंगों से सजाया तथा विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता व गौरव का संदेश दिया। प्राचार्या सुचित्रा ने कहा कि तिरंगा हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बलिदान और सम्मान का प्रतीक है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसका मान-सम्मान बनाए रखे। सरपंच सुनील एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सनील ने भी देशभक्ति की भावना को मजबूत करना ओर युवाओं में राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है इस अवसर पर अनामिका, राजेंद्र सिंह, विक्रम सैनी, सुनीता राजेश, ज्योति, राजेश कुमारी, महिंद्रा, हनुमंत सिंह, प्रदीप, राजेंद्र डीपीई, सविता आदि मौजूद रहे।



**बाढ़ड़ा।** हड़ौदी में तिरंगा यात्रा निकाले भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील, सरपंच सुनील कुमार व बच्चें। *फोटो: हरिभूमि*

## प्रवीण बने भिवानी के मंडल सचिव

- डाक कर्मियों की मांगों को प्रमुखता से पहुंचाएंगे उच्च अधिकारियों व सरकार तक : मंडल सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

घंटाघर स्थित मुख्य डाकघर के पब्लिक हॉल में भारतीय डाक कर्मचारी संघ भिवानी का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता भारतीय डाक कर्मचारी संघ के सहायक जनरल सचिव संदीप धीमान ने की। अधिवेशन के दौरान भारतीय डाक कर्मचारी संघ पोस्टमैन एवं एमटीएस के परिमंडल सचिव नरेश महता की मौजूदगी में बीपीईए/बीएमएस की कार्यसमिति का चुनाव किया, जिसमें सर्वसहमति से प्रवीण कुमार को भिवानी मंडल सचिव चुना। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त मंडल सचिव प्रवीण का फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। नवनियुक्त भिवानी मंडल सचिव को भारतीय डाक कर्मचारी संघ के सहायक जनरल सचिव संदीप धीमान व भारतीय डाक कर्मचारी संघ पोस्टमैन एवं एमटीएस के परिमंडल सचिव नरेश महता ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा विश्वास जताया कि प्रवीण अपने पद एवं जिम्मेवारी की गरिमा को समझते हुए कर्मचारी हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर भिवानी मंडल क डाक अधीक्षक संजय कुमार, अंबाला कोपरेटिव बैंक के चेयरमैन सचिन खरब, कालूदास, रविंद्र एपीएम, सिकंदर, आशीष प्रजापति सिस्टम मैनेजर, गजेंद्र, बबलू आदि मोजूद रहे।



**भिवानी।** भारतीय डाक कर्मचारी संघ के भिवानी मंडल सचिव प्रवीण का स्वागत करते संघ सदस्य।

### बेटियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण हैं खेल

# अंडर-11 आयु वर्ग की खो-खो में कैरू की टीम अव्वल

- भीम स्टेडियम में अंडर-11 व अंडर-14 लड़कियों की दो दिवसीय स्कूली खेल प्रतियोगिता संपन्न : पींकू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भीम स्टेडियम में जारी अंडर-11 व अंडर-14 आयु वर्ग की लड़कियों की दो दिवसीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि सत्यवान कोच, डा. अनिल कुमार, हॉकी कन्वीनर सुनील कुमार, खो-खो कन्वीनर अरविंद कौशिक, डीपीई जीतपाल शर्मा, संजय यादव पीटीआई पहुंचे तथा खिलाडिय़ों से परिचय लेते हुए खेल शुरू करवाए। प्रतियोगिता का आयोजन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज की देखरेख में करवाया गया। वही प्रतियोगिता की आयोजन समिति में उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर, खंड शिक्षा अधिकारी सिवनी डा. सुरेंद्र कुमार, प्राचार्य पवन शास्त्री स्टेट अवॉर्डी, एईईओ डा. अनिल कुमार, प्रवक्ता मदन गोपाल, डीपीई अरविंद कौशिक, जीतपाल शर्मा रहे। हॉकी मैच में निर्णायक मंडल में सुनील कुमार कन्वीनर, संजय यादव, पुष्पा पीटीआई, आशा पीटीआई, सुदेश बापोड़ा रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कन्वीनर की भूमिका में जोगेंद्र सिंह, राजेश्वर, अनिल सांगवान, प्रदीप, सुधीर, राजेश, सतेंद्र, पवन फौगाट, लाजपत, महा सिंह, सुनील, रविंद्र, जयवीर, सुशील, अनिता खेड़ा, बबीता, मनोज, मुकेश कुमार, सुखदेव, विनोद का योगदान रहा।





### हॉकी में भिवानी विजेता

शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने बताया कि अंडर-11 आयु वर्ग की खो-खो प्रतियोगता में कैरू प्रथम तो भिवानी द्वितीय रहा। वही अंडर-14 आयु वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता में भिवानी की टीम प्रथम स्थान पर रही। पिंकू ने बताया कि अंडर-11 आयु वर्ग की चैस प्रतियोगिता में अंशु, अरपिता, अनन्या, अवनी तंवर, कायरा तथा अडर-14 आयु वर्ग में समीक्षा, नेहा शर्मा, सोनिया शर्मा, मानसी, ऐंजल विजेता रहे। अंडर-14 आयु वर्ग की ताईक्वांडो प्रतियोगिता में मीनाक्षी, पायल, गौरवी सैनी, यस्वी यादव, मुस्कान, आशी, पूर्वी, पायल, दीपांशु, गीतांजलि विजेता रही।